तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 मई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी जाना हालचाल



## खबर संक्षेप

### परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु मंगाए आवेदन

**कोरबा।** निजी अस्पताल, नर्सिंग होम द्वारा महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम के संचालन हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन (महिला एवं पुरुष) कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता लेना आवश्यक है। इस वर्ष परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु इच्छुक निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालकों को आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही पूर्व में मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम को पुनः आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन एवं इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय समिति का हुआ गठन

**कोरबा।** सड़क परिवहन और राजमार्ग, मंत्रालय द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर नवीन टक्कर मार भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है, जिसके तहत जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। गठित समिति अंतर्गत दावा निपटान आयुक्त हेतु जिला कलेक्टर अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। साथ ही सदस्यों में जिला पुलिस अधीक्षक, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट सड़क सुरक्षा पहलुओं से संसक्त लोक या स्वैच्छाया संगठन का कोई सदस्य, सदस्य सचिव के रूप में साधारण बीमा परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकारी तथा दावा जांच अधिकारी के रूप में अनुविभागीय दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

### केएन कॉलेज व डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी के मध्य एमओयू

**कोरबा।** उच्च शिक्षा में जिले के युवाओं के लिए आधी सदी से अधिक का इतिहास समेत कमला नेहरू महाविद्यालय ने प्रदेश की प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्था डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू किया है। इस करार के बाद अब दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक संसाधनों के साथ अध्ययन-अध्यापन की बातों का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। एक ओर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की बेहतर राह मिलेगी, तो प्राध्यापकों को भी अपनी अध्यापन कौशल में निखार लाने में मदद मिल सकेगी। सबसे विशेष यह कि इससे रिसर्च क्षेत्र में विद्यार्थियों व शिक्षकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के प्रयास सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

### भारतमाला, पुलिया व नहर की स्वीकृति अटकी

कोरबा। ग्राम करतला के अंतर्गत शिव मंदिर रास्ता से ढ़ोड़ी एवं तालाब के बीच में एनएच 87, 350 के पास आरसीसी पुलिया निर्माण एवं आरसीसी नहर निर्माण कार्य स्वीकृति प्रदाय करने बावत सरपंच द्वारा की गई मांग व पत्र पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इसके कारण भविष्य के पानी का संकट ग्रामीणों के समक्ष उत्तपन्न होगा। इस संबंध में परियोजना निर्देशक, राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए उरगा-पत्थलगांव रोड भारत माला प्रोजेक्ट के नाम एक आवेदन ज्ञापन ग्राम पंचायत करतला की सरपंच शीलमणी राठिया ने 19 मार्च को प्रेषित किया था। साथ कलेक्टर को भी अवगत कराया गया था कि 23 जनवरी को ग्राम पंचायत करतला की बैठक सरपंच श्रीमती शीलमणी राठिया की अध्यक्षता में आहूत किया गया। जिसमें उपस्थित पंचों के समक्ष विषय रखा गया कि ग्राम करतला के अंतर्गत शिव मंदिर रास्ता से ढ़ोड़ी एवं तालाब के बीच एनएच 87, 350 के पास पीव्हीपी पास के नीचे आरसीसी पुलिया निर्माण एवं आरसीसी नहर निर्माण कार्य स्वीकृत प्रदाय करने हेतु प्रस्तावित है।

# निजी स्कूल शिक्षा विभाग को नहीं दे रहे शिक्षण शुल्क की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा चुनाव के पूर्व स्कूलों में लिए जाने वाले शिक्षण एवं अन्य शुल्क की जानकारी देने के लिए पत्र प्रेषित किया गया था। उस पत्र के आधार पर बड़े नामचिन्ह स्कूल अभी भी ट्यूशल शुल्क के अलावा अन्य शुल्क की जानकारी विभाग को प्रेषित नहीं किए हैं। एक जून से नया शिक्षण सत्र शुरू होगा। वहीं 1 अप्रैल से शुरू हुए प्रवेश में निजी स्कूलों ने तमाम तरह के शुल्क ले चुके हैं।

अलग खबर

निजी स्कूलों के द्वारा शिक्षण शुल्य एवं अन्य शुल्क प्रवेश के दौरान लिए जाने के मामले में मनमानी की शिकायत जिला शिक्षा विभाग के द्वारा अभिभावक संघ के द्वारा की गई थी। उक्त शिकायत पर शिक्षा विभाग के द्वारा कार्यवाही करते हुए शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में चलने वाले निजी स्कूलों को पत्र प्रेषित किया था। प्रेषित पत्र में शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक स्कूलों को यह निर्देश जारी किया था कि जीतने भी प्रकार के शुल्क लिए जा रहे हैं सबको सूचना पटल पर सार्वजनिक किया जाए, किंतु बड़े नामचिन्ह स्कूलों ने नोटिस बोर्ड पर शिक्षण शुल्क की जानकारी देना तो दूर की बात शिक्षा विभाग के भी पत्र पर गंभीरता नहीं बरत रहे हैं। अब तक निजी स्कूलों में छोटे प्रबंधन वाले स्कूलों ने ही जानकारी शिक्षा विभाग को प्रेषित की है और बड़े स्कूल प्रबंधन के द्वारा केवल ट्यूशन फीस से संबंधित जानकारियां ही दी है। एक अप्रैल से शिक्षण सत्र शुरू होने के कारण निजी स्कूल प्रबंधन प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर चुका है और मनमानी तरीके से शिक्षण शुल्क लेने के साथ साथ सिलेबस भी हर साल बदल रहे हैं।

## शिक्षा अधिकारी ने सभी निजी स्कूलों को लिखा था पत्र

**खास बातें**

- प्रवेश के दौरान तमाम तरह के लिए जा रहे शुल्क
- छले जा रहे छात्र व अभिभावक



### सिलेबस व ड्रेस के लिए दुकान निर्धारित

प्रतिवर्ष शिक्षण शुल्क के साथ अन्य शुल्क की बढ़ोत्तरी करने वाले निजी स्कूल प्रबंधन केवल शुल्क लेकर ही अभिभावकों पर आर्थिक बोझ नहीं डाल रहे है अपितु स्कूल के सिलेबस और ड्रेस के लिए भी एक निश्चित दुकान निर्धारित कर दी गई है। अभिभावकों को उसी दुकान से स्कूल का ड्रेस और सिलेबस मिलते हैं। अभिभावक अपनी स्वेच्छा के अनुसार किसी भी दुकान से स्कूल के सिलेबस व ड्रेस नहीं खरीद सकते। व्यवसायियों से एक समझौते के तहत अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन निश्चित दुकान का पता बताते हैं। जाहिर है इसके पीछे स्कूल प्रबंधन के द्वारा लिए जाने वाला कमिशन प्रमुख रुप से काम कर रहा है।

### जिले में तीन स्कूल सीबीएसई बोर्ड से हैं संबद्ध

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल पंप हाउस में प्रवेश के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित सीबीएसई आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश के लिए मारामारी मची हुई है। प्रत्येक कक्षा के लिए निर्धारित सीट में प्रवेश हेतु सैकड़ों आवेदन मिले हैं। जिनका निर्णय 15 मई को होने वाली लॉटरी से किया जाएगा। पंप हाउस आत्मानंद इग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश के लिए सर्वाधिक आवेदन पहुंचे हैं।

**खास बात**

- एक सीट के लिए आए हैं सैकड़ों आवेदन, 15 को निकलेगी लाटरी



राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश के लिए नई गाइड लाईन जारी की है। पहली कक्षा में प्रवेश हेतु 50 सीट रखी गई है। जिसमें प्रवेश की आयु सीमा साढ़े पांच वर्ष से साढ़े 6 वर्ष रखी गई है। इसी तरह पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 3 किलोमीटर की दूरी रखी गई है। स्कूल से 3 किलोमीटर की दूरी तक निवास करने वाले छात्रों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। इसी तरह मीडिल स्कूल के लिए 5 किलोमीटर का दायरा रखा गया है। इस परिधि में आने वाले छात्रों को प्रवेश में प्राथमिकता मिलेगी। इसी तरह हायर सेकेंडरी हाईस्कूल में 7 किलोमीटर का दायरा रखा गया है। स्कूल के 7 किलोमीटर के दायरे में आने वाले छात्रों को प्रवेश में प्राथमिकता रहेगी। लॉटरी 15 मई को संपन्न की जाएगी। प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले पात्र अभिभावक प्रातः 10 बजे विद्यालय में उपस्थित होकर लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची विद्यालय की सूचना पटल पर देखी जा सकती है। साथ ही विद्यालय की वेबसाइट पर भी सूची का अवलोकन किया जा सकता है। 13 एवं 14 मई को विद्यालय समय में प्रातः 8 बजे से 1 बजे तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**प्रवेश की स्थिति**

| कक्षा | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| पहली कक्षा | 50 | 251 |
| दूसरी कक्षा | 02 | 133 |
| छठवीं कक्षा | 01 | 142 |
| आठवीं कक्षा | 02 | 84 |

# मनरेगा में मजदूरी दर से ज्यादा खर्च किया गया सामग्री सप्लाई में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्रामों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार मूलक कार्य कराए गए थे।

**खास बात**

- मामला पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड का

इन कार्यों में जिम्मेदार मनरेगा के अधिकारियों द्वारा मजदूरी दर से ज्यादा सामाग्री सप्लाई में खर्च दर्शाया गया है, जो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की ओर इंगित करता है। इस मामले को लेकर अब तक जिला पंचायत व मनरेगा प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है।

इस मामले के अनुसार जिला पंचायत कोरबा में महात्मा गांधी मनरेगा के तहत विकास खण्ड पाली एंव पोडी उपरोड़ा में जो रोजगार मूलक कार्य कराए गए हैं उनके वित्तीय गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। इनके अनुसार मनरेगा में प्रति वर्ष लेबर बजट बनता है। जिले का लेबर बजट वर्ष 2022-23 में 7344.30 लाख राशि था, जिसमें मजदूरी पर 4406.63 लाख एवं सामग्री पर 2937.75 लाख किया जाना था। जिसमें पाली विकास खण्ड में लेबर बजट में 1366.05 लाख मजदूरी पर और 910.70 लाख सामग्री पर खर्च किया जाना था, लेकिन रोजगार मूलक कार्य जब शुरू हुए तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा 38638 मजदूरी पर और 2350.39 लाख सामाग्री पर खर्च किया गया, जो बजट से 247 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में लेबर बजट 1998.25 लाख मजदूरी पर और सामग्री पर खर्च किया जाना था, जिसमें 3990.26 लाख मजदूरी पर और 6401.24 लाख सामग्री पर खर्च किया गया है, जो निर्धारित बजट से 186 प्रतिशत अधिक बताया गया है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि लेबर बजट प्रतिवर्ष राज्य कार्यलय से अनुमोदित होता है, जो पिछले वर्ष से लगभग 10 प्रतिशत बढ़ाकर बनाया जाता है। 258 जिले के इन दो विकास खण्डों में ऐसा क्या हो गया कि लेबर बजट 258 प्रतिशत अधिक खर्च हो गया।

### कोरोनाकाल में भी नहीं हुआ ऐसा

वर्ष 2020 में जब कोरोना महामारी फैली थी तब ग्रामीण अंचलों में लोगों के लिए मनरेगा एकमात्र आय का सहारा था। जिसमें ग्रामीण मजदूर कार्य कर मजदूरी प्राप्त कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। सरकार ने भी रोजगार गारंटी योजना से लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए अभियान चलाया था, ताकि लोगों को जीवन यापन करने के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उस दौरान भी इतना अधिक खर्च मनरेगा के बजट में नहीं किया गया। पिछले वर्ष के व्यय का मिलान किया जाये, जिसमें इतना अधिक व्यय नहीं हुआ। वित्तीय अनियमिता एवं स्वंय के लाभ के लिए शासन के गाईक लाइन को दरकिनार कर स्वीकृति सिक्योर साफ्टवेयर से न बनाकर सीधे वर्क कोड जनरेट करा दिये।

# नैतिक शिक्षा पर इसरो द्वारा आयोजित परीक्षा में ऋषिता को मिला पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नैतिक शिक्षा विषय पर इस्कॉन द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने वाली दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कोरबा की कक्षा 9वीं की छात्रा ऋषिता सिन्हा ने इसरों द्वारा भी आयोजित परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। ऋषिता के इस सफलता पर पिछले दिनों आयोजित एक कार्यक्रम में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के डायरेक्टर बीएन रामाकृष्णा के करकमलों से सम्मानित किया गया है। सम्मान स्वरूप ऋषिता को इलेक्ट्रिक सायकल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

**खास बातें**

- आईएसटीआरएसी के डायरेक्टर बीएन रामाकृष्णा के करकमलों से हुई सम्मानित
- एनटीपीसी डीपीएस की छात्रा है ऋषिता



ऋषिता को पुरुस्कृत करते अतिथि एवं अन्य।

उल्लेखनीय है कि इस्कॉन द्वारा पिछले दिनों नैतिक शिक्षा विषय पर अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में डीपीएस एनटीपीसी कोरबा के कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्रा ऋषिता सिन्हा ने भी भाग लिया था। ऋषिता ने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ कोरबा अपितु संपूर्ण छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया था। नैतिक शिक्षा विषय पर आयोजित इस परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को चयनित कर इसरो ने भी अपने यहां आमंत्रित किया था। वहां आयोजित परीक्षा में भी ऋषिता ने प्रथम स्थान हासिल किया है। ऋषिता की इस सफलता पर उसे इसरो द्वारा ⏭ शेष पेज 3 पर

# दीपका की दो शराब दुकान की कीमत 60 लाख, रामपुर की 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले संचालित के देसी व विदेशी शराब दुकानों के परिसर में अहाता संचालित करने आबकारी आयुक्त द्वारा आन लाइन निवेदा पत्र जमा करके गए थे। शुक्रवार को कॉलेटोरेट सभा कक्ष में निवेदा खोली गई। 29 शराब दुकानों में 07 देशी व विदेशी पोजिट, 10 देशी मदिरा दुकान, 12 विदेशी मदिरा दुकान शामिल है।

**खास बातें**

- सभी दुकानों का अहाता किसको मिलेगा, निर्णय मंगलवार को
- कंबोजिट दुकानों की कीमत सिंगल दुकानों से ज्यादा

सबसे ज्यादा कीमत रामपुर देसी शराब भट्टी के लिए लगाई गई जिसकी कीमत 50 लाख रुपए की गई। वहीं दीपका की देशी विदेशी मदिरा दुकान के अहाते का ठेका 40 लाख रूपये आंका गया है। इसके अलावा दादर, मानिकपुर, देशी विदेशी मदिरा अहाता का ठेका 35 लाख तक गया है। मंगलवार को उनकी वास्तविक स्थिति सामने आ पाएगी। आबकारी विभाग शनिवार को सभी दुकानों की प्रतिमाह विक्री से जोने वाली आय का डाटा तैयार कर रहा था। शराब दुकानों की कीमत का डाटा तैयार कर रहे आबकारी विभाग के अनुसार जिन क्षेत्रों में देशी विदेश मदिरा दुकानें है उन्हें कंबोजिट की श्रेणी में रखा गया है, जिनमें एक दुकान की कीमत 30 लाख रूपसे से अधिक जा रही है। कंबोजिट दुकानों की कीमत 60 लाख से ऊपर आंकी गई है। कंबोजिट श्रेणी के दुकानों के लिए सर्वाधिक आवेदन विभाग के पास पहुंचे थे। राताखार देशी दुकान का अहाता 39 लाख रूपये, इसी तरह दादर की भी कीमत 39 लाख रूपये बताई गई है। सर्वाधिक बोली दीपका, राताखार, दादर और रामपुर के साथ लाटा की कंबोजिट दुकानों के लिए लगाई गई है।

# भगवान परशुराम जयंती समारोह में शामिल हुए उद्योग मंत्री देवांगन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुड़ापार हेलीपेड के समीप स्थित समाजिक भवन में श्री परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित परशुराम जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अपने तप व पराक्रम से समाज में समता और न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम के आदर्श युगों-युगों तक मानव जाति की प्रेरणा का केंद्र रहेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा से ही देश को रास्ता दिखाने का काम किया है। कभी भी किसी में भेद नहीं किया। जब कभी भी देश को आवश्यकता महसूस हुई, सब कुछ न्योछावर किया। हमेशा से ही हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा की 4 महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में समाज से बहुत स्नेह और आशीर्वाद मिला, आपका आशीर्वाद मुझे शहर और जिले के विकास के लिए इसी तरह ताकत देता रहेगा। इस अवसर पर समाज द्वारा समाज के भवन के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए मांग रखी, इस पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहर्ष स्वीकृति देते हुए विधायक निधि पर सबसे पहला अधिकार सभी ⏭ शेष पेज 3 पर

### धूल व जाम की समस्या से प्रतिदिन हलाकान होते है लोग

# दो खंभो की वजह से रुका है फोरलेन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कुसमुंडा मार्ग चौड़ीकरण के लिए सैकड़ों वर्षों पुराने पेड़ों को काटा गया है, परंतु सड़क के बीचों बीच बिजली के खंबों को हटाने आज तक जहमत नहीं उठाई जा रही है। जिस वजह से सड़क का काम रुका हुआ है। ठेकेदार को सड़क बनाना है, सड़क ठीक से बने और तय समय पर बने यह प्रशासन का जिम्मा है।



मार्ग के बीच लगा बिजली का खंभा।

मामला कोरबा-कुसमुंडा फोर लेन की जो बीते कई वर्षों से बस बन ही रही है। महज 5.5 किलोमीटर की इस सड़क को बनाने में 3 अधिक वर्ष का समय लग चुका है और अभी और कितने वर्ष लगेंगे ये कोई नहीं जानता, क्योंकि जिन स्थानों पर काम अधूरा पड़ा है उनमें से कुछ स्थान ऐसे है जहां आज तक काम शुरू ही नहीं हो पाया है और जहां शुरू हुआ है वहां काफी अड़चने हैं। जिसमें से एक कुसमुंडा की ओर से कोरबा जाते वक्त बरमपुर मोड से थोड़ा पहले सीएसईबी की कन्वेयर बेल्ट स्ट्रक्चर खड़ी हुई है, इसी स्ट्रक्चर के समानांतर बिजली की तार गुजरी है जिनके लिए लोहे के पोल लगाए गए हैं, जिनमें से दो पोल फोर लेन सड़क के ठीक बीचों बीच खड़े हुए हैं, यहां छूटे हुए सड़क के पेंच को बनाने कई माह पूर्व खुदाई कर दी गई है, कुछ दूर ढलाई और बेस का काम भी हो चुका है परंतु इन खम्भों की वजह से आगे काम बढ़ नही पा रहा है, काम रुकने की वजह से यहां आए दिन जाम लगता है। ये खंबे कब हटेंगे और कब काम सुगमता से होगा ये जिम्मेदार ही जाने, परंतु इस वजह से जो परेशानी हो रही है इसे हर व्यक्ति जान रहा हैं, झेल रहा है। इसके अलावा बरमपुर नहर पुल का काम भी आधे अधूरे हालत में बंद पड़ा हुआ है। आगे डंफर पुल पर अंडर ब्रिज बनना है, उसका काम शुरू नहीं हुआ है। वहीं इमलीछापर चौक पर ओवर ब्रिज का काम मुआवजे की मांग को लेकर लटका हुआ है।

# एसईसीएल सीएमडी ने खदानों में मानसून पूर्व तैयारियों का लिया जायजा



निरीक्षण करते सीएमडी श्री मिश्रा एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका मेगा परियोजना में उतरे सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने मानसून तैयारियों का जायजा लिए। साथ ही शीर्ष एरिया प्रबंधन की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा दीपका मेगापरियोजना के दौरे पर पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने खदान के हर पैच में उत्पादन-उत्पादकता से जुड़े विषयों पर चर्चा की एवं आगामी महीनों के लिए उत्पादन योजना के बारे में जानकारी ली। आगामी मानसून को देखते हुए उन्होने उससे जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की साथ ही उत्खनन विभाग के अधिकारियों के साथ डिपार्टमेंटल क्षमता की बेहतर उपयोगिता को लेकर चर्चा की।



# प्रभास ने शुरू की 'कन्नप्पा' की शूटिंग, पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और साउथ अभिनेता विष्णु मांचू अपनी महत्वकांक्षी परियोजना 'कन्नप्पा' फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 'कन्नप्पा' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के कलाकार प्रभास को लेकर है। यूं तो प्रभास के किरदार पर कई अपडेट आ चुके हैं, लेकिन अब उनकी शूटिंग के बारे में नया अपडेट सामने आया है।

लाइफ Style

# श्रुति शर्मा

## आसान नहीं था इंटीमेट सीन



संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' इन दिनों चर्चाओं में हैं। यूं तो सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोयराला, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल से लेकर ऋचा चड्ढा तक लीड रोल में नजर आईं, जिनकी एक्टिंग की चर्चाएं भी हो रही हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भंसाली के मास्टरफीस में कई किरदार ऐसे हैं, जिनके किरदारों की लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। 29 साल की एक्ट्रेस श्रुति शर्मा भी इस सीरीज का हिस्सा है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रुति शर्मा ने भी इन्हीं की तरह काफी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उन्होंने 'सायमा' का किरदार निभाया। हाल ही में उन्होंने सीरीज में 'मल्लिकाजान' के ड्राइवर 'इकबाल' यानी रजत कौल के साथ निभाए गए इंटीमेट सीन को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि इंटीमेट सीन को शूट करना आसान नहीं था। इसके लिए उन्हें काफी दर्द और तकलीफ झेलनी पड़ी।

एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा, 'एक सीन है जिसमें मैं और इकबाल (मल्लिकाजान का ड्राइवर) शामिल हैं, जिसमें हम रोमांटिक हैं। मतलब यह बेहद रोमांटिक सीन है। उस तरह का रोमांस मैंने पहली बार स्क्रीन पर किया था।' हम घूम रहे थे और बात कर रहे थे और आप जानते हैं कि यह कठिन कोरियोग्राफी थी।' मेरे शरीर पर रैशेज पड़ गए, क्योंकि यह बहुत कठोर थे। मुझे लगता है कि हमने उस सीन को पूरे दिन शूट किया और जब वह सीन खत्म हुआ तो मेरा काजल धूल-मिट्टी की वजह से खराब हो गया था लेकिन, सीरीज में ये सीन बहुत सुंदर लग रहा है।

हॉलीवुड मसाला

# जेंडया को देख टॉम हुए लट्टू



**लॉस एंजिलिस।** जेंडया हाल ही में मेट गाला 2024 फैशन इवेंट में शामिल हुईं। उन्होंने अपने दोनों लुक्स से फैंस के होश उड़ा दिए। बॉयफ्रेंड टॉम हॉलैंड भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। दोनों का रिलेशनशिप कई बार ऑन-ऑफ हुआ, लेकिन वे इशारों में एक-दूसरे के लिए प्यार जताने से पीछे भी नहीं हटते। हाल ही में जेंडया दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट मेट गाला 2024 में शामिल हुईं। फूलों, तितलियों और चिड़ियों वाली दो ड्रेसेस पहनी, जिसमें वो बला की खूबसूरत लगीं।



# रिहाना, लेडी गागा और कैटी पेरी की तस्वीरें देख लोग खा गए गच्चा

**लॉस एंजिलिस।** मेट गाला में ग्लोबल सितारों का तांता लगा, जबकि कई जाने-माने सितारे इस फैशन इवेंट में शिरकत नहीं कर पाए। इस लिस्ट में रिहाना, कैटी पेरी और लेडी गागा का नाम शामिल है। लेकिन ये हसीनाएं एआई के डीपफेक का शिकार हो गईं। इनकी नकली फोटो देख फैंस गच्चा खा गए। साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक के कई सितारे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के डीपफेक टूल का शिकार हो चुके हैं, जिसमें चेहरा किसी और का होता है और बॉडी किसी और की। इन तस्वीरों को देखकर असली और नकली में फर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। अब मेट गाला 2024 में शिरकत करने वाले सितारों की तस्वीरों के साथ भी खिलवाड़ हुआ है। रिहाना से लेकर कैटी पेरी और लेडी गागा तक की फोटोज को एआई के डीपफेक टूल की मदद से एडिट करके खूब शेयर किया जा रहा है, जबकि तीनों ही इस साल फैशन इवेंट में शामिल ही नहीं हुई हैं।



# कपिल शर्मा ने छिड़का जले पर नमक

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो सामने आ गया है जिससे पता चला है कि शो में संजय लीला भंसीली की सीरीज 'हीरामंडी' की अदाकाराएं शिरकत करने वाली हैं। शो में कपिल शर्मा पानी पूरी का ठेला लगाएंगे। लेकिन जब 'हीरामंडी' की अदाकाराएं उनसे पानी पूरी खिलाने को कहेंगी तो कपिल उन्हें खिलाने से इनकार कर देंगे। कपिल शर्मा शो में सोनाक्षी सिन्हा से उनकी शादी को लेकर भी सवाल करने वाले हैं। प्रोमो में कपिल कहते हैं- 'आलिया ने शादी की, कियारा ने भी कर ली। आप कब करेंगी?'ऐसे में सोनाक्षी उन्हें जवाब देती हैं, 'जले पर नमक डाल रहे हो, वो जानता है कि मुझे कितनी जोर से शादी करनी है।' इसके अलावा ऋचा चड्ढा सोनाक्षी से पूछती हैं कि उन्होंने सबसे ज्यादा कितने रीटेक लिए हैं। तो सोनाक्षी कहती हैं कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने 12 से ज्यादा रीटेक लिए होंगे।



# रोल बेच रहे मासूम की मदद के लिए आए सामने

**मुंबई।** 'सिंघम' फ्रेंचाइजी के साथ अपने रचे कॉप यूनिवर्स के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले रोहित शेट्टी की फिल्म में अर्जुन कपूर खलनायक के रोल में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अर्जुन सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अब हाल ही में उन्होंने दरियादिली दिखाई और रोल बेच रहे एक लड़के की मदद की है। इस वीडियो में वह बच्चा अपने पिता को खोने के बाद सड़क पर रोल बेचकर घर चलाता है। अब इस बच्चे की वीडियो को देखकर अर्जुन कपूर का दिल पसीज गया है। अभिनेता 10 वर्षीय जसप्रीत सिंह की मदद के लिए आगे आए हैं। अर्जुन ने जसप्रीत के साहस की सराहना की है। उन्होंने लिखा, 'चेहरे पर मुस्कान के साथ, वह आगे की जिंदगी और उसके साथ आने वाली सभी चीजों का सामना कर रहा है।

टीवी मसाला



# 'भाभी जी घर पर हैं' का ट्रेलर आउट, फैमिली ड्रामा है मूवी

नई दिल्ली। अब तक आप सब टीवी पर भाभी जी घर पर हैं कॉमेडी सीरियल देखते आए हैं, लेकिन अब इसी टाइटल से एक फिल्म का निर्माण हुआ है। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शंस प्रस्तुत निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह की फिल्म 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह और राकेश बाबू प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसका निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है।फिल्म का ट्रेलर 4:13 मिनट का है, जिसमें फिल्म की एक आकर्षक झलक देखने को मिल रही है।संवाद और गाने भी कमाल के लग रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद भी आ रह है। फिल्म को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर मंल साफ दिखाई दे रही है। पूरी तरह से कमर्सियल होते हुए भी फिल्म की कलात्मक प्रस्तुति और नरेशन इतना जानदार है कि दर्शक जब फिल्म देखेंगे, तो महसूस कर पायंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो चली। बात अगर फिल्म की कहानी की करें तो सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर इसकी कहानी आधारित है।

# श्रद्धा आर्या लीप के बाद 'कुंडली भाग्य' को कहेंगी अलविदा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने टीवी से लेकर साउथ की फिल्मों तक अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस को इन दिनों टीवी के पॉपुलर सीरियल 'कुंडली भाग्य'में देखा जा रहा है। इस शो में वह 'प्रीता'का किरदार निभा रही हैं। 'कुंडली भाग्य' टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले सबसे लंबे शोज में से एक है। शो में पहले भी जनरेशन लीप आ चुका है जिसके बाद सीरियल में कई नए एक्टर्स की एंट्री हुई थी और अब लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रद्धा आर्या के इस लोकप्रिय शो में एक बार फिर लीप आने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो की नई कहानी अच्छी टीआरपी लाने में विफल रही है।



जिसके बाद मेकर्स ने शो में एक और लीप लाने का फैसला किया है। 'कुंडली भाग्य' के अपकमिंग लीप के बाद एक्टर पारस कलनावत, सना सैय्यद और बसीर के साथ ही श्रद्धा आर्या भी शो को अलविदा कह देंगी।

# अनोखे किरदार में आएंगे नजर



**मुंबई।** सैफ अली खान के फिल्मी करियर में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला है। 2023 में आई सैफ अली खान की 600 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' भी फ्लॉप रही। फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने के बाद भी सैफ को उनकी कई फिल्मों में लगातार निराशा ही हाथ लगी है। लेकिन अब लगता है कि निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म सैफ अली खान के लिए वरदान साबित हो। इस फिल्म में सैफ एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जिसे उन्होंने आजतक कभी नहीं निभाया है।

फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव ने एक अंधे व्यक्ति का किरदार निभाया है। वहीं, अब सैफ अली खान ने 'श्रीकांत' की राह अपना ली है। निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ एक अंधे व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जुलाई और अगस्त के महीने में शुरू की जाएगी। इस फिल्म की शूटिंग को प्रियदर्शन सिर्फ 40 दिनों में ही खत्म कर देंगे। 'हेरा फेरी', 'गरम मसाला', 'भागमभाग', 'चुप चुप के' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक प्रियदर्शन की दो फिल्में इस साल रिलीज होंगी। पहली मलयामल फिल्म है, जिसे वह अक्षय कुमार के साथ बना रहे हैं। दूसरी फिल्म सैफ अली खान के साथ बनाने का फैसला लिया है। प्रियदर्शन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्देशक किया है। सैफ के साथ ही उनके फैंस को भी उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। प्रियदर्शक के साथ सैफ की इस फिल्म की रिलीज डेट की अभीतक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फैंस सैफ की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# सांवली लड़की के जज्बे की सपनों भरी कहानी है 'खूबसूरत'

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल नए शो 'खूबसूरत' के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की जिंदगी के मुश्किल मोड़ों की खास यात्रा पर ले जाने को तैयार है। चैनल सपनों की इस कहानी में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसके जीत का जज्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज्बा सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा?

# अदाकारी ही नहीं, फैशन में भी माहिर हैं बॉलीवुड हसीनाएं



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा उद्योग बहुमुखी प्रतिभाओं से भरा हुआ है। बॉलीवुड के कई सारे कलाकार अभिनय के अलावा कई कार्यों में पारंगत हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण उनके प्रशंसकों की लिस्ट भी बहुत भारी-भरकम है। आज हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के नाम जानेंगे, जो अभिनय के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।

### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी 90 के दशक की अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री अपनी फिटनेस और खूबसूरती के चलते अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनके प्रशंसक उन्हें फिटनेस आइकन मानते हैं। शिल्पा शेट्टी का फैशन सेंस भी बहुत ही शानदार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री एक शानदार डांसर, कुक के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।



## बड़े ब्रांड्स की हैं मालकिन

### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शामिल है। उनके अभिनय की ना सिर्फ प्रशंसक, बल्कि आलोचक भी सराहना करते हैं। दीपिका ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत 'ओम शांति ओम' से की। जब से उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की तब से लेकर अब तक उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी। दीपिका अपने फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। बता दें कि दीपिका पादुकोण अभिनेत्री के साथ-साथ एक फैशन डिजाइनर भी हैं।

### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार है। अभिनेत्री दुनिया के सौ सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल हैं। अभिनय के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुके हैं। बॉलीवुड में आलिया ने अपने करियर की शुरुआत करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया ने अपना पहला रैंप वॉक अपनी ड्रेसेज के शो में किया था।





### मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की सबसे फिट अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बॉलीवुड की कई प्रतिष्ठित फिल्मों में अपने डांस की प्रस्तुति दी है। जिसमे 'दिल से'फिल्म में 'छैया छैया', 'दबंग' में 'मुन्नी बदनाम हुई' जैसी फिल्में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री का 'द क्लोसेट लेबल' नाम का एक ब्रांड भी है।

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**कोरबा।** कैरियर पब्लिक स्कूल में चल रहे 10 दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन किया गया। यह कैंप कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों के लिये आयोजित किया गया था। कैंप के दौरान सभी बच्चों ने ताइकांडो, जुम्बा, योगा, अबेकस, वैदिक गणित, ड्राइंग, पेंटिंग, क्राफ्ट एवं कागज द्वारा विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाना सीखा। समारोह में 50 से अधिक बच्चे और उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों ने प्रशिक्षकों द्वारा सिखाई गई कलाओं का मंच पर प्रदर्शनकरते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें योग, नृत्य, समूह गान, वैदिक गणित तथा अन्य गतिविधियों को शामिल किया गया था तत्पश्चात बच्चों और उनके अभिभावको के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के अन्त में अभिभावकों को पुष्पदेकर सम्मानित तथा बच्चों को आकर्षक उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ गुणात्मक व कलात्मक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान में बढ़ोतरी की। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है और उनकी मानसिक व बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है।

### अंगदान देहदान करने वालो का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया जाए

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कोरबा आगमन पर सामाजिक बैठक अंगदान देहदान नेत्रदान के संबध में ज्ञापन सौंपा। मनीष अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा अंगदान देहदान नेत्रदान के क्षेत्र में काफी कार्य किए जा रहे है। मनीष अग्रवाल ने अपने ज्ञापन में मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि अंगदान देहदान करने वालों का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया जाए। साथ ही कुछ राशि भी सहयता स्वरूप प्रदान की जाए इससे लोगों को अंगदान देहदान के प्रति जागरूकता आयेगी और कई जरूरतमंद लोगों को एक नई जिंदगी मिलेगी। ओडिसा सरकार द्वारा अंगदान देहदान करने वालों को मरणोपरांत राष्ट्रीय सम्मान के साथ अत्येष्टी की घोषणा की गई है। नेत्रदान की सुविधा छत्तीसगढ़ के सिर्फ चार जिलों में है, अगर यह सुविधा सभी जिलों में हो तो जो सिर्फ नेत्रदान करना चाहते है उनके लिए आसान हो जायेगा। अंगदान देहदान का छत्तीसगढ़ में बहुत ही कम लोग संकल्प ले रहे है, मंच के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस विषय को लेते हैं तो इस क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आ सकता है। मुख्यमंत्री ने इस संबध में सकारात्मक कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच से विकास मित्तल, दीपक अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, प्रियम अग्रवाल, अंकित केडिया, आयुष अग्रवाल, सनी मित्तल, दर्री जमनीपाली शाखा से अंजय अग्रवाल, राकेश गोयल, मधुर अग्रवाल, अरुण केडिया एवं अन्य मंच साथी उपस्थित रहे।

### 10वीं में आरती 94 प्रतिशत, 12वीं में ऋतिक 81 प्रतिशत के साथ हुए उत्तीर्ण

# शाउमावि चैतमा का परीक्षा फल उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सेजेस चैतमा का 10वीं परीक्षाफल छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम 36, द्वितीय 79, तृतीय 14, कुल 129 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें कुमारी आरती पैकरा 94 प्रतिशत, जीवेश कंवर 75 प्रतिशत, प्रदीप कुमार ने 74 प्रतिशत फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा में कुल 218 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम 35, द्वितीय 99, तृतीय 32 कुल 166 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें प्रथम ऋतिक सिंह 81 प्रतिशत निखिल पटेल 78 प्रतिशत एवं कु रोशनी और अमित दास ने 75 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। रोशनी कैवर्त, नीता श्रीवास, यवन्तिका देवांगन, अल्का कंवर सत्तर प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर अच्छे अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हु। संस्था के प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम ने सभी छात्र छात्राओं को सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि प्रतिभा हरेक विद्यार्थी में होता है, दृढ़ निश्चय आत्मविश्वास के साथ की गई कड़ी परिश्रम निश्चित रूप से हमें सफलता की ओर ले जाती है। व्याख्याता वीरेन्द्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी बताया कि विद्यार्थियों ने अपने मेहनत परिश्रम के बदौलत प्लान बनाएं बना कर अपनी तैयारी को सबसे ज्यादा वक्त दिया। व्याख्याता सुरेंद्र सिंह नेटी ने कहा कि यदि पालक बालक एवम शिक्षक के आपसी समन्वय बेहतर एवं संबंध गहरे हो तो अच्छे परिणाम सामने आते हैं और इस सफलता के पीछे अभिभावक और शिक्षकगण का विशेष योगदान होता है। विद्यालय के शिक्षक सी नेताम, विभा तांडे, पार्वती राम, विजेता चतुर्वेदी, राखी विंध्यराज, धनराज, भगीरथी श्रीवास, प्रज्ञा दास, आशीष उपाध्याय, मुरारीलाल धीवर, चंद्रमुखी साहू कर्मचारियों ग्राम वासियों ने प्रशंसा की।

### सउमावि सीएसईबी का बोर्ड परीक्षा फल रहा उत्कृष्ट



सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत व हायर सेकेंडरी 97 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में 191 छात्र सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम 120, द्वितीय 62, तृतीय 1 कुल 168 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिसमें अमृता निषाद 96.33 प्रतिशतप्रथम, राधा साहू 94.5 प्रतिशत द्वितीय व ऋषभ यादव तथा शशांक शुक्ला 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी में कुल 191 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम 129, द्वितीय 56 कुल 185 उत्तीर्ण रहे। जिसमें रागनी चंद्रा 90.40 प्रतिशत प्रथम स्थान पर, श्रद्धा कर्ष 87.06 प्रतिशत द्वितीय, हिमांशु चौहान 87.5 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही जीव विज्ञान वह कृषि संकाय का परीक्षा फल शत प्रतिशत गणित संकाय का 90 प्रतिशत तथा वाणिज्य संख्या का 95.83 प्रतिशत रहा।

### दृष्टि बाधित चंद्रभान ने अर्जित किया 86 प्रतिशत



जुनून और जज्बा हो तो शारीरिक अक्षमता आड़े नहीं आती है। चन्द्रभान साहू पूर्ण रूप दृष्टि बाधित हैं। बावजूद इसके उन्होंने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में 86.33 फीसदी अंक अर्जित किया। चन्द्रभान जिले में स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी के छात्र हैं और रोटरी क्लब ऑफ कोरबा द्वारा संचालित छात्रावास में रहते हैं। 10 मई को जब रिजल्ट की घोषणा हुई तो चन्द्रभान का चेहरा खुशी से दमक उठा। क्योंकि उनकी मेहनत सफल हुई थी और उन्होंने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन के साथ 86.33 प्रतिशत अंक (कुल 518) अर्जित किए थे। चन्द्रभान ने बताया कि वे 11वें में कला संकाय में प्रवेश लेंगे। उनका लक्ष्य 11वीं और 12वीं बोर्ड में अपने प्रदर्शन को और सुधारना होगा। चन्द्रभान के परिजन मुंगेली जिले के ग्राम जुनवानी में निवास करते हैं। 18 वर्षीय चन्द्रभान कक्षा चौथी में तभी से रोटरी के छात्रावास में निवास कर रहे हैं। चन्द्रभान जब सात साल के थे तब रेटिना में कुछ समस्या आई और आंखों की रोशन पूरी तरह चली गई। चन्द्रभान ने बताया कि वो स्मार्ट मोबाइल का उपयोग करते हैं। वे मोबाइल पर पाठ्यक्रम से संबंधित विवरण की रिकार्डिंग रखते हैं। साथ ही ई- लाइब्रेरी के जरिए ऑनलाइन तरीके से जो रीड होता उससे पढ़ाई करते हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी में चन्द्रभान रोजाना 4 से 5 घण्टे समय देते थे। ब्लाइंड परीक्षार्थियों के स्कूल शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा द्वारा रीडर उपलब्ध कराया जाता है। 10वीं की परीक्षा के लिए 9वीं कक्षा का रीडर मिलता है। रीडर द्वारा प्रश्न पढ़कर सुनाया जाता है और ब्लाइंड परीक्षार्थी द्वारा बताए गए उत्तर को उत्तर पुस्तिका पर लिखा जाता है।

### पुष्पलता ने 10वीं में प्राप्त किया 93.33 प्रतिशत



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली की छात्रा पुष्पलता साहू पिता बिहारी लाल साहू ने कक्षा 10वीं कक्षा में 93.33 प्रतिशत प्राप्त किया और अपने विद्यालय व माता पिता का मान बढ़ाया। माता-पिता एवं शिक्षकों ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

### बीकन विद्यालय का परीक्षा फल उत्कृष्ट

बीकन विद्यालय एसईसीएल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं में वंशिका शर्मा 95.33 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में सुमित शर्मा 89.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं। इसी प्रकार 10वीं में दीक्षा साह द्वितीय तथा रिजवान बक्शी तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 12 वीं वाणिज्य समूह में प्रणव द्वितीय और तृतीय रुचि श्रीवास रहीं। विज्ञान समूह में एजाज अहमद प्रथम, आदित्य कुमार रॉय द्वितीय तथा रमा पटेल तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

# खेल से दिमाग व शरीर दोनों क्रियाशील होता है : डॉ. गुप्ता



समर कैंप का आनंद उठाते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्थित इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में 1 मई से 15 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा जिले के विभिन्न स्कूल जिसमें डीपीएस-एनटीपीसी, डीएव्ही गेवरा, सेंट थामस पब्लिक स्कूल-दीपका सहित कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में अपना पंजीयन कराया है।

रोज सुबह 7 बजे से ही स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों का समूह उपस्थित हो जाता है फिर सभी बच्चों को विभिन्न वर्गों के अनुसार अलग-अलग टीम में बाँटकर क्रिकेट एवं वॉलीबॉल की टीमें बनाकर प्रशिक्षक दीपक मालिक एवं देबासीश परिदा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों को वार्मअप एवं ड्रिल कराकर उनमें एनर्जी लेवल को इम्प्रूव कर फिर टीम बनाकर खेल की शुरुआत की जाती है। बच्चों की पसंदीदा खेल क्रिकेट एवं वॉलीबॉल का जुनून बच्चों के उत्साह को देखकर ही पता चलता है कि बच्चे खेलने को कितने उत्साहित रहते हैं। खेल प्रशिक्षक दीपक मालिक ने बताया कि समर कैंप में बच्चे जहाँ एक साथ मिलकर खेल का आनंद लेते हैं वहीं उनमें सहयोग एवं नेतृत्व की भावना का भी विकास होता है।अगल-अलग स्कूलों के बच्चों के मध्य मित्रता की भावना भी विकसित होती है और वे एक-दूसरे से अपनी बातें शेयर भी करते हैं। समर कैंप में आमंत्रित विशेष प्रशिक्षक के अनुसार खेल से हमारा शरीर व मन तो स्वस्थ होता ही है साथ ही यह हमारे जीवन के तनाव को भी नियंत्रित करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम एक घंटा स्कूल में अवश्य खेलना चाहिए।यह हमारे दिलो दिमाग को स्वस्थ रखने के साथ ही साथ अध्ययन में भी रुचि उत्पन्न करता है। प्रशिक्षक देबासीश परिदा ने कहा कि अगर हमें जिंदगी भर बीमारियों से दूर रहना है तो हमें अपने जीवन में खेल का समावेश करना होगा; क्योंकि खेल से हम दिल और दिमाग दोनों रुप से तंदुरुस्त रहते हैं। प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने दीपका में विगत 8 वर्षों से प्रतिस्थापित इंडस पब्लिक स्कूल में हो रहे इस प्रकार के भव्य आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए हमारा विद्यालय हर स्तर पर कार्य करता रहेगा। खेल से दिमाग एवं शरीर दोनों क्रियाशील होता रहता है, खेल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी विद्यालय के बच्चों को एक साथ लाकर उनमें टीम भावना एवं सामाजिक भावना का विकास एवं बच्चों के समय का सदुपयोग करना है।

# व्यायाम शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होतेः पटेल



**कोरबा।** छग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ एवं व्यायाम शिक्षक ने जिले के तीन व्यायाम शिक्षक श्रीमती उत्तरा कैवर्त्य शाउमावि कोरबा, राघवेंद्र तिवारी शाउमाध्य विद्यालय नोनबिर्रा एवं चंद्रकांत पांडे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा के अधिवार्षिकी आयु सेवा निवृत्त पर व्यायाम शिक्षक संघ ने हरी मंगलम कोरबा में सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर दीनू पटेल जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने कहा कि व्यायाम शिक्षक कभी सेवा निवृत्त नहीं होता है। प्रशांत तिवारी, अनुप राय, अनिल तिवारी, सुरेन्द्र दुबे, अजय दुबे, देवेन्द्र सिंह राजपूत, पवन कंवर आदि ने व्यायाम शिक्षकों के भूमिका तथा उनके सेवा अवधि में किए कार्यों पर विचार व्यक्त किए। व्यायाम शिक्षक संघ की एकता तथा मजबूती को प्रदेश स्तर में सक्रियता पर बल दिया है। व्यायाम शिक्षकों की बदौलत जिले की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रौशन किया है। इसी तारतम में राम कृपाल साहू प्रदेश उपाध्यक्ष छग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने छग स्कूल शिक्षा विभाग मे शारीरिक शिक्षा को एक अनिवार्य सैधांतिक विषय के रूप में लागू करने तथा विद्यार्थियों को विषय विकल्प प्रदान करने का अवसर मिले तथा व्यायाम शिक्षक 35 सालों के सेवा पश्चात आज पर्यंत तक पदोन्नति नहीं हुई है और न ही क्रमोन्नति मिली है, उन्हें भी अन्य शिक्षकों के समान वनटाईम रिलेक्सेशन देते हुए छग स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी हायर सेकंडरी स्कूलों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा में पदोन्नति किया जाये। देवेन्द्र महतो अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ कोरबा ने कहा कोरबा जिला में व्यायाम शिक्षकों की एकता एक मिशाल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नैतिक शिक्षा...

इलेक्ट्रिक सायकल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान उसे इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क के डायरेक्टर बीएन रामाकृष्णा के करकमलों से प्रदान किया गया। ऋषिता कोरबा के बालको हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विवेक सिन्हा एवं डॉ.समिता प्रसाद की पुत्री हैं। डीपीएस एनटीपीसी के प्राचार्य सतीश शर्मा ने भी ऋषिता के इस सफलता पर उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### भगवान परशुराम...

समाज का है, मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं की ब्राम्हण समाज के भवन के विकास कार्य करने का अवसर मुझे मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने 20 लाख रुपए विधायक निधि से 4 जून को आचार संहिता हटने के बाद देने की घोषणा की। इस अवसर पर समाज द्वारा कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन को फरसा भेंट कर सम्मानित किया।

# आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कराया जाएगा सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुके कुसमुंडा मार्ग का नया निर्माण कराया जा रहा है। भारी वाहनों के आवागमन के लिए सर्वमंगला मंदिर मार्ग को डायवर्सन रोड बनाया गया है और यह भी खराब होने से लगातार जाम की समस्या व आए दिन दुर्घटना की संभावना बन रही है।

**खास बात**

- सर्वमंगला रेलवे फाटक से उरगा नहर मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

कटघोरा एसडीएम ने एक आदेश जारी कर सर्वमंगला-नहर मार्ग को प्रतिबंधित किया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटघोरा ने जारी आदेश में कहा है कि सर्वमंगला डायवर्सन रोड खराब होने से लगातार ट्रकों के जाम की समस्या हो रही है एवं आए दिन दुर्घटना होती रहती है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में परेशानियों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आगामी दिनों में मानसून के समय होने वाली परेशानियों व आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सडक़ निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है अन्यथा वर्षा ऋतु के समय परिवहन में अत्यंत परेशानी हो सकती है। उक्त कारणों को दृष्टिगत रखते हुए आगामी आदेश पर्यंत भारी वाहनों एवं कोयला परिवहन को सर्वमंगला रेलवे फाटक से उरगा नहर मार्ग तक प्रतिबंधित कर किसी अन्य वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करवाने की व्यवस्था किया जाए। एसडीएम ने कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उक्त संबंध में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कटघोरा को सूचनार्थ आदेश प्रेषित करने के साथ ही सीएसपी दर्री, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार दर्री, थाना प्रभारी कुसमुंडा, मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा व महाप्रबंधक एनटीपीसी कोरबा को पालनार्थ प्रेषित किया गया है।

# तपने लगी बैसाख की दोपहरी, शाम को अंधड़

**जांजगीर-चांपा।** बैसाख महीने में अब सूरज की किरणें चुभने लगी है। इसके साथ ही तापमान में बढोतरी भी होने लगी है। शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। ऐसे में दोपहर के वक्त लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है। वहीं शाम के समय आई अंधड़ व बूंदाबांदी से लोगों को कुछ हद तक राहत भी मिली है। मई महीने के दोपहर के वक्त पडने लगी गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। वहीं मई महीने में सूरज की किरणें आग बरसाने लगी है। पिछले दिनों बदली और बारिश से मौसम में कुछ ठंडकता रही, लेकिन इसके बाद मौसम के साफ होते ही सूर्यदेव की तपिश भी बढ़ने लगी है। गुरूवार 10 मई को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री को पार कर गया। वहीं न्यूनतम डिग्री 23 रहा। सूरज की इस प्रचण्डता का असर लोगों पर देखने को मिल रहा है।

## कोरबा मार्केट








मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
जीवन ज्योति क्लीनिक
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप



### अस्पताल में भर्ती दो मरीजों ने किया मतदान

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव में शत-शत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करने निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप पावर हाउस रोड नहर पुल के पास स्थित श्वेता नर्सिंग होम,कोरबा ने भी अपनी सहभागिता दी है। श्वेता नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ.बीडी अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों में से दो मरीज ने लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को अपना मतदान करने की इच्छा जाहिर की थी। यह जानते ही उन्हें अस्पताल के एम्बुलेंस में अटेंडर के साथ उनके मतदान केंद्र तक सावधानी पूर्वक पहुंचाया गया। 53 वर्षीय फिरमति साहू और 38 वर्षीय ज्योति ध्रुव ने अपने पोलिंग बूथ क्रमांक 223 मुड़ापार में जाकर मतदान किया। मतदान कराने के बाद अस्पताल में लाकर पुनः भर्ती किया गया है। इन दोनों मरीजों ने मतदान में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए अस्पताल प्रबंधन व अटेंडर के प्रति आभार जताया है। इन्होंने कहा है कि वह बीमार हालत में अस्पताल में रहने के बावजूद अपने मत का उपयोग कर पाए तो इस बात की उन्हें बहुत खुशी है। 7 मई मंगलवार को उंगली में मतदान की स्याही दिखाने वाले मतदाता को नर्सिंग होम में निःशुल्क ओपीडी का लाभ देने की बात कही गई थी। ऐसे 32 लोगों ने इस छूट का लाभ लिया और मतदान की स्याही दिखाकर ओपीडी की सेवा निशुल्क हासिल की है।

### पानी की तलाश में भटककर रिहायशी इलाके में पहुंच रहे वन्य प्राणी

**कोरबा।** लगातार बढ़ती गर्मी के बीच हर बार की तरह इस बार फिर जिले के जंगलों से वन्यप्राणियों का भटक कर आबादी क्षेत्रों में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। वन्य प्राणी आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही जंगल के समीप बसे गांव में भी पहुंचकर पानी की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही वन्य प्राणी भी जंगलों से भटककर आबादी क्षेत्रों में आने के बाद कभी-कभार ही सुरक्षित जंगलों में लौट पाते हैं। या तो गांव के ही लोग उनका शिकार कर लेते हैं या फिर वे गांव के आवारा कुत्तों के शिकार बन जाते हैं। बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में मौजूद प्राकृतिक जल स्त्रोतों में पानी की मात्रा तेजी से घट रही है। वहीं कई जल स्त्रोत तो अप्रैल माह के शुरूआती दिनों में ही दम तोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि यही वजह है कि वन्य प्राणी पानी की तलाश में भटकते हुए जंगलों से लगे आसपास के गांवों में पहुंच रहे हैं।इसकी एक वजह ग्रीष्म ऋतु के दौरान जंगलों में प्राकृतिक रूप से अथवा मानवीय चूक के कारण लगने वाली आग भी है। क्योंकि जंगलों में आग लगने के बाद कई प्राणी न सिर्फ भयभीत हो जाते हैं बल्कि शाकाहारी वन्यप्राणी की खुराक भी नष्ट हो जाती है और मजबूरन उन्हें भोजन पानी के लिए भटकना पड़ता है।

### एटीएम से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी




**कोरबा।** कुसमुंडा स्थित एसबीआई बैंक का एटीएम जिसे 24 घंटे सुचारू रूप से उपभोक्ताओं की सेवा के लिए खोला गया है। परतुं बेंक प्रबंधक की लापरवाही से एटीएम का सुचारु ठीक से संचालन नहीं होने के अलावा एटीएम में पैसा नहीं होने पर उपभोक्ताओं को कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्यादा तर देखा जाता है कि बैंक की छुट्टी के दिन 24 घंटे 7 दिन सेवा देने का दावा झूठा साबित दिखाई देता है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

# महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी जाना हालचाल



बच्चे को चॉकलेट देते कलेक्टर अजीत वसंत।



निरीक्षण के दौरान जानकारी जुटाते कलेक्टर एवं एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिला जेल कोरबा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में कैदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर-एसपी ने अपने निरीक्षण के दौरान मुलाकात कक्ष, किचन, पुरूष बैरेक, प्रवेश द्वार, गौशाला आदि के साथ बुजुर्ग बंदियो के बैरकों का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व एसपी ने जेल में मौजूद विभिन्न पंजियों और सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी सिस्टम, कंट्रोल रूम की भी जांच की। कलेक्टर ने जेल निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके मामलों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला जेल की 15 बैरकों में कुल 238 बंदी निरूद्ध होने की जानकारी दी गई। बैरक में कलेक्टर-एसपी ने महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी हालचाल पूछा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां बांटी। कलेक्टर ने इस दौरान जेलर को बच्चों को खेलने के लिए खिलौनों और महिलाओं तथा अन्य कैदियों को पढ़ने के लिए ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक पुस्तकों के अलावा समय के सदुपयोग के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने, मानसिक तनाव को दूर करने योगा, व्यायाम कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर व एसपी ने बंदियों को भोजन देने की व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेने के साथ जेल परिसर में घुमकर सुरक्षा व्यवस्था का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने जेलर को निर्देशित किया कि जेल मैन्युअल के अनुसार जो भी आवश्यकताएं हैं, उसे प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि यहां की आवश्यकताओं को पूरा कर समस्याओं को दूर किया जा सकें। कलेक्टर ने किचन सहित टॉयलेट को साफ-सफाई रखने, बंदियों को मानसिक तनाव से दूर रखने और जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन के लिए गतिविधियां आयोजित कराने, सब्जी-बाड़ी लगाकर उत्पादन बढ़ाने तथा गौ-शाला के माध्यम से दूध उत्पादन के संबंध में जेलर विजयानंद सिंह को निर्देश दिए।

**खास बात**

- स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

## बालको से दो ट्रकों में निकला 1 करोड़ 80 लाख का एल्युमिनियम गायब




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको से एल्युमिनियम लोड कर गुजरात के सिलवासा स्थित ईस्टर लाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को रवाना दो ट्रक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे। दोनों ट्रकों में लगभग 58.614 एमटी एल्युमिनियम रास्ते से ही गायब हो गया। सूचना मिलने पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेन्सी रायपुर के मैनेजर बनी सिंह ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 अप्रैल को ट्रक नंबर जीजे 12 बीएक्स 9094 के ड्रायवर जीत पटेल के द्वारा 29.280 एमटी एल्युमिनियम लोड कराया गया जिसकी कीमत 89 लाख 91 हजार 742 एवं 22 अप्रैल को ट्रक क्रमांक जीजे 17 एक्सएक्स 0542 के ड्रायवर अरविंद के द्वारा ट्रक में 29.334 एमटी एल्युमिनियम लोड कराया गया जिसकी कीमत 90 लाख 8 हजार 325 रूपये है। दोनों ट्रक बालको प्लांट से ईस्टर लाईट पावर ट्रांसमिसन लिमिटेड सिलवासा गुजरात के लिए रवाना हुए लेकिन अब तक वहां नहीं पहुंचे है।

कम्पनी के लोगों को ऐसा पता चला कि उक्त दोनों ट्रकों के ड्रायवर जीत पटेल एवं अरविंद के द्वारा ट्रकों में लोड एल्युमिनियम को अन्यत्र स्थान पर ले जाकर बिक्री कर दिया गया है। मैनेजर बनी सिंह की शिकायत पर बालको पुलिस ने धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु कर दी है।

**खास बात**

- बालको संयंत्र से गुजरात के सिलवासा स्थित ईस्टर लाइट पावर ट्रांसमिशन को रवाना हुए थे दोनों ट्रक

## जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ और बेमौसम बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवतपा से पहले जिले के अलावा सीमावर्ती जिलों के भी बड़े हिस्से में अगले कुछ दिनों तक बादल और बारिश के हालात रहेंगे। राज्य में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। मौसम विभाग की ओर से चेतावनी दी गई है कि 12 से 14 मई तक सभी संभागों में अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, अगले 2 दिन 2 से 3 डिग्री दिन का तापमान बढ़ेगा। बीते शुक्रवार को सबसे अधिकमत तापमान 43.3 डिग्री कोरबा में रिकार्ड किया गया।

चार दिन पहले ही जिले में जमकर अंधड़ आने से कई प्रकार के नुकसान हुए। मजबूत पेड़ों के टूटने के कारण बिजलीपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के साथ आंधी चलने के कारण बारिश कई जगह पेड़ गिरने से रास्ता बाधित हो गया। जिले में आकाशीय बिजली गिरने से भी नुकसान हुआ। तीन मवेशियों की भी मौत हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

इस दौरान कहीं-कहीं पर बादलों की गरज के साथ अंधड़ भी चल सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पडऩे की गतिविधियां बढ़ेंगी। इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात है। यहां से मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है। जिले में भी इसका असर दिख रहा है।

**खास बात**

- मौसम विभाग की चेतावनी, बरतनी होगी सावधानी

## एसईसीएल कर्मी ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर क्वाटर क्रमांक एम 989 निवासी आरएल कुर्रे ने शनिवार की सुबह घर के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक गेवरा परियोजना में बतौर सीनियर डंफर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था।



जानकारी के अनुसार मृतक आरएल कुर्रे की पत्नी सुबह टहलने गई थी, वापस आने पर देखा की मृतक के गले में रस्सी का फंदा था और उसका शव जमीन पर पड़ा हुआ था, घर में सो रहे बेटे ने पहले मृतक को लटका हुआ देखा, पिता को बचाने उसने रस्सी काट दी। परंतु आरएल कुर्रे की सांसे थम गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दी। आरएल कुर्रे ने कैसे और किन परिस्थितियों में आत्महत्या की है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

## ठेका कर्मियों को मिली राहत प्रबंधन ने बढ़ाया वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया प्रबंधन ने ठेका मजदूरों के वेतन में 389 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। अब ठेका मजदूरों को न्यूनतम 1176 रुपया व अधिकतम 1266 रुपया प्रतिदिन बेसिक मिलेगा। इसके साथ बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान किया जाएगा।

**ठेका मजदूरों की श्रेणी व प्रतिदिन का संशोधित वेतन**

| श्रेणी | वेतन (बेसिक) |
|---|---|
| अनस्किल्ड (अकुशल) | 1176 |
| सेमी स्किल्ड (अर्ध-कुशल,पर्यवेक्षक) | 1206 |
| स्किल्ड (कुशल) | 1236 |
| हाइ स्किल्ड (अत्यधिक कुशल) | 1266 |

(नोट : बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान होगा )

एसईसीएल समेत कोल इंडिया व अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत ठेका कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। कोल इंडिया प्रबंधन ने ठेका मजदूरों के वेतन में 389 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। अब ठेका मजदूरों को न्यूनतम 1176 रुपया व अधिकतम 1266 रुपया प्रतिदिन बेसिक मिलेगा। इसके साथ बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान किया जाएगा। कोल इंडिया के जीएमपी गौतम बनर्जी के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। निदेशक मंडल (एफडी) ने 25 सितंबर को आयोजित 458 वीं बैठक में ठेका मजदूरों के वेतन और सामाजिक सुरक्षा में संशोधन के लिए राष्ट्रीय वेतन समझौता (एनसीडब्ल्यू-11) के तहत गठित ज्वांइट कमेटी यानी हाइ पावर कमेटी (एचपीसी) द्वारा की गई सिफारिशों को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक 9 अगस्त 2023 से ठेका कर्मियों को बढ़ा हुआ वेतन का लाभ मिलेगा। वहीं अंडर ग्राउंड भत्ते सहित अन्य नियम और शर्तें यथावत हैं। कोल इंडिया के इस निर्णय ने बीसीसीएल के 6110, सीसीएल के 6461 व इसीएल के 7045 समेत कोल इंडिया के करीब 90 हजार ठेका मजदूर लाभान्वित होंगे। बता दें कि वर्तमान में वीडीए छोड़ अनस्किल्ड ठेका कर्मियों को 787 रुपया, सेमी स्किल्ड को 817 रुपया, स्किल्ड को 847 व हाइ स्किल्ड ठेका कर्मियों को 877 रुपया प्रतिदिन का बेसिक मिलता है, जबकि वीडीए जोड़ उन्हें क्रमशः 1042 रुपया, 1082 रुपया, 1122 रुपया व 1162 रुपया प्रतिदिन का वेतन मिलता रहा है।

## एसईसीएल महानिदेशालय में द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिम अंचल नागपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अधिकारियों के साथ कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सुरक्षा दीप प्रज्वलन से हुआ उपरांत कोलइण्डिया कारपोरेट गीत बजाया गया। इसके पश्चात कार्य के दौरान वीरगति को प्राप्त करने वाले श्रमवीरों दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई एवं समस्त उपस्थितों द्वारा सुरक्षा शपथ लिया गया। बैठक में सभी आगन्तुकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत सम्बोधन जीपी शर्मा महाप्रबंधक (खान सुरक्षा/बचाव) ने देते हुए सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में पावरप्वाईंट के माध्यम से मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों के बारे में अतिथियों को अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर एवं सभी अतिथियों ने एसईसीएल में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों की सराहना की साथ ही खदानों में सुरक्षा से जुड़े उपायों की समय-समय पर समीक्षा करने एवं खनिकों को सुरक्षा एवं बचाव के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण पर ज़ोर दिया। बैठक की अध्यक्षता रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर द्वारा की गई। बैठक में खान सुरक्षा महानिदेशालय से वीर प्रताप, निदेशक खान सुरक्षा (रायगढ़ क्षेत्र), मुकेश कुमार सिन्हा, निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 1), राजेश कुमार सिंह निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 2), मनोज कुमार गुप्ता, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर), टी श्रीनिवास, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर), अरुण कुमार, उप निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 2), बी भद्रू, उप-निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक 1), एवं एसईसीएल प्रबंधन से निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (योजना, परियोजना) फ्रैंकलिन जयकुमार, मुख्यालय से सुरक्षा एवं बचाव विभाग सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान अधिकारी कर्मचारी।




### श्री सीमेंट लिमिटेड को फ्लाई ऐश की आपूर्ति के लिए बालको ने किया एमओयू

## बालको ने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को दिया स्थान : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने श्री सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। यह साझेदारी कम कार्बन वाले सीमेंट का उत्पादन करने के लिए बालको द्वारा श्री सीमेंट तक फ्लाई ऐश भेजने की सुविधा देगी। समझौते में श्री सीमेंट को 90 हजार मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति किया जाना है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने श्री सीमेंट के साथ हुए एमओयू पर कहा कि कंपनी में हम औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने और अनेक नए प्रयोगों के जरिए उन्हें नागरिकों और पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है। हम उद्योगों में सस्टेनेबल व्यवसाय की बढ़ती मांग को पहचानते हैं। फ्लाई ऐश कई उद्योगों के लिए एक सस्टेनेबल रॉ मटेरियल के रूप में सामने आया है। रॉ मटेरियल के रूप में हमारे फ्लाई ऐश को पुनर्निर्देशित कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह समझौता सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फ्लाई ऐश का उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। बालको के ट्रांसफार्म द प्लेनेट की प्रतिबद्धता के अनुरूप कंपनी विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है जिसमें ईंट एवं सीमेंट संयंत्र, सड़क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और माईंस शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141 प्रतिशत राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। श्री सीमेंट लिमिटेड के मुख्य खरीद अधिकारी संजय मेहता ने एमओयू के बारे में कहा कि बालको के साथ साझेदारी सस्टेनेबल कार्यप्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग सीमित रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम कर कार्बन उत्सर्जन में कटौती करता है तथा सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देता है। यह साझेदारी हमारे लिए वैकल्पिक रॉ मटेरियल की स्थायी आपूर्ति के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगी। हमारा लक्ष्य भविष्य में ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों का विस्तार करना है।




